आज का दिन 1963 में डाक एवं टेलीग्राफ विभाग ने राष्ट्रीय टेलेक्स सेवा की शुरुआत की।

साल 2022 तक एक तिहाई कर्मचारी घर से काम करेंगे

रिपोर्ट

नई दिल्ली | हिन्दुस्तान ब्यूरो

कोरोना महामारी ने वर्क फ्रॉम होम (घर से काम) संस्कृति को जन्म दिया है। इसका फायदा दुनियाभर की कंपनियों और कर्मचारियों को हुआ है। रिसर्च फर्म गार्टनर की रिपोर्ट के अनुसार, अगले साल यानी 2022 तक एक तिहाई कर्मचारी घर से ही काम करेंगे।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 2021 में 51 फीसदी कर्मचारी (नॉलेज वार्कर) घर या आउट स्टेशन से काम करेंगे जबकि 2019 में यह आंकड़ा 27 फीसदी ही था।

51% कर्मचारी दुनियाभर में 2021 के अंत तक घर से ही काम करेंगे

53% कर्मचारी अमेरिका में घर से काम करेंगे 2022 तक

52% ब्रिटेन में, 37% जर्मनी और 33% जापान में घर से काम करेंगे

हाइब्रिड वर्कप्लेस की मांग बढ़ेगी

गार्टनर के अनुसार, कंपनियां आने वाले दिनों में कार्यालय स्थल के स्पेस कम करने और वर्क फ्रॉम होम के जरिये काम का बेहतर प्रबंधन पर काम करेंगी। इसके लिए हाइब्रिड वर्कप्लेस कल्चर को अपनया जाएगा। कंपनियों के मानव संसाधन विभाग कंपनी की जरूरत के मुताबिक, कर्मचारियों को हायर करने की रूपरेखा को तैयार करेंगे।



पीसी और टैबलेट की रिकॉर्ड बिक्री

रिपोर्ट के अनुसार, हाइब्रिड वर्कप्लेस ने पीसी, टैबलेट की मांग बढ़ाने का काम किया है। 2021 में, पीसी और टैबलेट शिपमेंट इतिहास में पहली बार 500 मिलियन यूनिट से अधिक होने की उम्मीद है जो व्यापार और उपभोक्ता दोनों बाजारों में मांग को बताता है। इसके साथ कंपनियां अपने दूरस्थ कर्मचारी के लिए क्लाउड का सहारा ले रही हैं। इसके चलते 2021 में क्लाउड सर्विस पर खर्च 23.1% की बढ़ोतरी होगी।

देश में बेरोजगारी दर में फिर से इजाफा

देश में बेरोजगारों की संख्या में फिर से वृद्धि दर्ज की गई है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन एकोनॉमी (सीएमआईई) की रिपोर्ट के अनुसार, 20 जून को समाप्त हफ्ते में बेरोजगारी दर बढ़कर फिर से 9.35 फीसदी पर पहुंच गई है। वहीं, एक हफ्ते पहले बेरोजगारी दर 8.7% पर थी। रिपोर्ट के अनुसार, 20 जून को समाप्त सप्ताह के दौरान, शहरी बेरोजगारी एक सप्ताह पहले के 9.7% से दोहरे अंक में बढ़कर 10.3 प्रतिशत हो गई। ग्रामीण बेरोजगारी 13 जून को दर्ज 8.23% से उच्च गति से बढ़कर 8.92% हो गई।

बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर दें

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के अनुरूप समावेशी, टिकाऊ और लचीला बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए वित्तपोषण तथा विकास प्राथमिकताओं को फिर से तय करने का आह्वान किया।

सीतारमण ने सिंगापुर के वित्त मंत्रालय के तहत आने वाले एंटरप्राइज सिंगापुर और सिंगापुर मौद्रिक प्राधिकरण द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एशिया इंफ्रास्ट्रक्चर फोरम में सरकार द्वारा बुनियादी ढांचे पर खर्च को बढ़ावा देने के लिए किए गए विभिन्न उपायों की जानकारी दी। वित्त मंत्रालय ने बुनियादी ढांचे के विकास के लिए मजबूत संस्थागत संरचना पर जोर दिया।

दूसरी लहर में छोटे दुकानदारों की बिक्री 15% तक घटी जबकि पहली में बढ़ी थी

असर: किराना स्टोर पर टूटा कहर

नई दिल्ली | हिन्दुस्तान ब्यूरो

कोरोना महामारी की दूसरी लहर के चलते किराना दुकानों की बिक्री पर बुरा असर पड़ा है। छोटे दुकानदारों की बिक्री 10% से 15 फीसदी घटी है जबकि पहली लहर के दौरान किराना दुकानों की बिक्री में 6% से 7 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई थी।

बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि पहली लहर के दौरान मांग बढ़ने और दूसरी में घटने की कई वजह हैं। कोरोना की पहली लहर में बाजार में बड़ी अव्यवस्था थी। लोगों में डर का माहौल था। ई-कॉमर्स कंपनियों और डिपार्टमेंटल स्टोर द्वारा सामान की बिक्री पर रोक लगा दी गई थी। वहीं, पैनिक बाइंग के कारण लोग घर में जरूरी सामान को खरीद कर स्टोर कर रहे थे। इससे जहां दूसरी सभी चीज की मांग में गिरावट दर्ज की गई थी वहीं, किराना आइटम्स की मांग बढ़ी थी। इस बार हालात पहले के मुकाबले ठीक विपरीत थे। कोरोना की दूसरी लहर आने तक ई-कॉमर्स कंपनियों की पहुंच छोटे शहरों और गांवों तक हो गई थी। सरकार की ओर से ई-कॉमर्स की डिलीवरी पर कोई रोक नहीं लगाई थी। बड़े डिपार्टमेंटल स्टोर को कोरोना गाइडलाइन को फॉलो करते हुए बिक्री की इजाजत मिली थी।

10% से 15 फीसदी घटी छोटे किराना दुकानदारों की बिक्री दूसरी लहर में

06% से 7 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई थी कोरोना की पहली लहर में

15% तक स्वास्थ्य खर्च बढ़ने का भी असर किराना की मांग पर दिखा

स्वास्थ्य खर्च पर बोझ बढ़ा

पहली के मुकाबले कोरोना की दूसरी लहर में प्रत्येक परिवार पर स्वास्थ्य खर्च का बोझ करीब 10% से 15% बढ़ा। इसका असर किराना सामान पर देखने को मिला। इसके अलावा पहली लहर में लोग परिवार के साथ घर में बंद तरह-तरह के पकवान का आनंद ले रहे थे। इससे भी रोजमर्रा की मांग बढ़ी है। वहीं, इस बार कोरोना से मरने वालों की संख्या काफी अधिक रही। इसके चलते भी सिर्फ जरूरी का सामान मंगाया गया।

आसमान छूती महंगाई ने भी बिगाड़ा बजट

दूसरी लहर में जरूरी सामानों के दाम में 10% से लेकर 50% की वृद्धि दर्ज की गई। दाल, सरसों तेल, पाम ऑयल समेत दूसरी जरूरी चीजों के दाम में रिकॉर्ड उछाल आया। इसके अलावा चावल, आटा, नमक, कॉफी, साबुन की टिकिया, बिस्कुट, डिटरजेंट पाउडर और लिक्विड समेत पेट्रोल और रसोई गैस ने भी बजट पर बोझ बढ़ाने का काम किया। घर में बंद रहने और हाउसहोल्ड ग्रोसरी आदि के खर्च बढ़ने से घर का बजट 20 फीसदी तक बढ़ गया। लॉकडाउन के दौरान लोगों की आय घटी जिसके चलते सामान की मांग भी घटी। इसने भी मांग को प्रभावित किया।

साज-सज्जा की मांग में अधिक गिरावट

रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा किए गए सर्वेक्षण के मुताबिक मई 2021 में खुदरा बिक्री कोरोना से पहले के समय में मई 2019 के मुकाबले 79 फीसदी गिर गया। बिक्री में सबसे अधिक गिरावट पश्चिमी व उत्तरी भारत में रही जहां पिछले महीने मई 2021 में दो साल पहले की समान अवधि की तुलना में खुदरा बिक्री में 83 फीसदी की गिरावट आई। दूसरी लहर के चलते ब्यूटी, वेलनेस और पर्सनल केयर की बिक्री में सबसे अधिक गिरावट आई। इनकी बिक्री मई 2019 की तुलना में 87 फीसदी तक कम हो गई। इसके बाद सबसे अधिक गिरावट फुटवियर में रही।

जेपी इंफ्राटेक: सुरक्षा समूह से पिछड़ गई एनबीसीसी

नई दिल्ली | एजेंसी

जेपी इफ्राटेक लिमिटेड (जेआईएल) के ग्राहकों का कई साल बाद आखिर अपना घर का सपना पूरा होने की उम्मीद जगी है। कर्ज बोझ में डूबी जेआईएल को उबारने के लिए मुंबई के सुरक्षा समूह की समाधान योजना को बुधवार को वित्तीय ऋणदाताओं और घर खरीदारों की मंजूरी मिल गई।

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनबीसीसी और सुरक्षा समूह जेपी इंफ्राटेक के अधिग्रहण की दौड़ में शामिल थी। दोनों कंपनियों के अधिग्रहण प्रस्ताव को लेकर दस दिन तक चली मतदान प्रक्रिया बुधवार दोपहर समाप्त हुई। इसमें सुरक्षा समूह को जहां 98.66 प्रतिशत मत वहीं सार्वजनिक क्षेत्र की एनबीसीसी की समाधान योजना के पक्ष में 98.54 प्रतिशत मत मिले। राष्ट्रीय कंपनी विधि प्राधिकरण (एनसीएलटी) के समक्ष जेआईएल के दिवालियापन के समाधान का मामला अगस्त 2017 से चल रहा है।

बहरहाल, जेआईएल की समस्या के सफल समाधान से कंपनी के 20,000 से अधिक घर खरीदारों को राहत मिलेगी। जेआईएल की नोएडा और ग्रेटर नोएडा में कई आवासीय परियोजनाएं हैं जो कि अटकी पड़ी हैं। सीओसी द्वारा सुरक्षा समूह की पेशकश को मंजूरी दिए जाने के बाद प्रस्ताव को राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) से मंजूरी लेनी होगी।

मई में अप्रैल के मुकाबले तीन गुना उड़ानें रद्द हुई

नई दिल्ली | सौरभ शुक्ल

देश में बढ़ती कोरोना महामारी के चलते मई महीने में बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द हुई हैं। डीजीसीए की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल के मुकाबले मई में उड़ानें रद्द होने की तादाद तीन गुना हो गई है। अप्रैल में कुल 2.62 फीसदी उड़ानें रद्द हुई थीं जबकि मई महीने में ये आंकड़ा बढ़कर साढ़े सात फीसदी के करीब पहुंच गया है।

उड़ानें रद्द होने के मामले में एयर टैक्सी नाम की कंपनी सबसे ऊपर रही है। वहीं दूसरे नंबर पर एयर इंडिया रही है। विशेषज्ञों के मुताबिक कोरोना के लगातार तेजी से बढ़ते मामलों की वजह से लोगों ने अपनी यात्राएं रद्द कर दी थीं। इसी वजह से विमानन कंपनियों को भी बड़े पैमाने पर उड़ानें भी रद्द करनी पड़ीं। इसके अलावा 17 फीसदी उड़ानों को मुनासिब मौसम न होने की वजह से रद्द किया गया।

हवाई यात्रियों की संख्या घटकर आधी हुई

अप्रैल महीने के मुकाबले मई में हवाई यात्रियों की संख्या घटकर आधे से भी कम रह गई थी। आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल 2021 में जहां 57.25 लाख घरेलू यात्रियों ने हवाई यात्रा की थी तो मई में ये घटकर 21.15 लाख ही रह गई। इस महीने यात्रियों को टिकट कैंसिलेशन के बाद रिफंड की दिक्कतों से भी दो चार होना पड़ा है। मई में करीब 338 शिकायतें डीजीसीए को मिली हैं जिनमें से 54% रिफंड से जुड़ी रही हैं।

एनबीएफसी की किस्त वसूली अटकेगी

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

कोरोना महामारी के बढ़ते प्रभाव के चलते गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों का कलेक्शन का हिसाब किताब बिगड़ सकता है। इंडिया रेटिंग्स के मुताबिक वित्तवर्ष 2021-22 की पहली तिमाही में क्षेत्रीय लॉकडाउन की वजह से कंपनियों ने जो कर्ज दिया है उसकी वसूली में देरी संभव है।

रिपोर्ट के मुताबिक एनबीएफसी के कर्मचारियों को आने जाने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। एनबीएफसी के कई कर्मचारियों में भी कोरोना से संक्रमित पाए गए हैं। इंडिया रेटिंग के मुताबिक करीब 8-10 फीसदी कर्मचारी प्रभावित हुए हैं। दक्षिण भारत में बाकी राज्यों के मुकाबले मई में कलेक्शन गिरा है।

इनके कलेक्शन में ग्रामीण इलाकों में ज्यादा प्रभाव देखा गया है। अप्रैल में जहां ये 5 फीसदी के करीब कम हो रहा था, मई 2021 में आंकड़ा बढ़कर 10-15 फीसदी हो गया है।

रुपये में गिरावट थमी

मुंबई। विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को रुपया 10 पैसे मजबूत होकर 74.27 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। रुपये की विनिमय दर 74.26 पर खुली तथा दिन में कारोबार के दौरान 74.07 रुपये उच्च स्तर और 74.39 के निम्न स्तर को छूने के बाद रुपया 10 पैसे बढ़कर 74.27 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स में 283 अंक की गिरावट

मुंबई। बीएसई सेंसेक्स बुधवार को शुरूआती बढ़त को बरकरार नहीं रख सका और 283 अंक लुढ़क कर बंद हुआ। सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में गिरावट से बाजार नीचे आया।

सेंसेक्स 282.63 अंक की गिरावट के साथ 52,306.08 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार निफ्टी 85.80 अंक यानी 0.54 प्रतिशत टूट कर 15,686.95 अंक पर बंद हुआ सेंसेक्स के शेयरों में एक प्रतिशत से अधिक गिरावट के साथ सर्वाधिक नुकसान में कोटक बैंक का शेयर रहा।

बचत जीडीपी के 8.2% तक घटी

नई दिल्ली। पिछले साल कोविड से परिवार की बचत पर प्रतिकूल असर पड़ा है। बुधवार को जारी रिजर्व बैंक के आंकड़े के अनुसार परिवारिक वित्तीय बचत 2020-21 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में घटकर जीडीपी के 8.2 प्रतिशत पर आ गई जो पिछली तिमाही में 10.4 प्रतिशत थी।

केंद्रीय बैंक ने कहा कि महामारी से प्रभावित जून तिमाही में बचत में वृद्धि दर्ज की गई थी। लेकिन उसके बाद लगातार दो तिमाहियों में इसमें कमी आई और तीसरी तिमाही में यह जीडीपी का 8.2 प्रतिशत रही। परिवार की बैंक जमा तीसरी तिमाही में 3 प्रतिशत पर आ गई जो इससे पूर्व तिमाही में 7.7% थी।

घर की मरम्मत कराकर पूंजीगत लाभ कर से बचें

सलाह

नई दिल्ली | रेणु यादव

क्या आपको यह पता है कि आप घर की मरम्मत से भी पूंजीगत लाभ कर देने से बच सकते हैं।

होस्टबुक्स लिमिटेड के संस्थापक और अध्यक्ष कपिल राणा ने कहा, किसी घर की मरम्मत कराने में आना वाला खर्च पूंजीगत व्यय होता है। इसके चलते पूंजीगत लाभ की राशि की गणना करते समय गृह संपत्ति के सुधार पर खर्च घटाया जा सकता है।

वहीं, टैक्सबड्डी डॉट कॉम के संस्थापक सुजीत बांगर ने कहा कि पूंजीगत लाभ आय को कम करने के लिए किसी संपत्ति की बिक्री आय के खिलाफ घर को रेनोवेट कराने में हुए खर्च की एवज में दावा किया जा सकता है। इसे सुधार की लागत कहा जाता है और इसे संपत्ति के अधिग्रहण की लागत के साथ जोड़ा जा सकता है।

दो तरीके से कर की गणना

प्रॉपर्टी को तीन साल के अंदर बेच देते हैं तो इसके लाभ को शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन माना जाएगा। इस पर टैक्स स्लैब के हिसाब से टैक्स वसूला जाएगा। यानी 10 लाख रुपये से अधिक कमाते हैं, तो मुनाफे का 30 फीसदी टैक्स बनेगा। वहीं, प्रॉपर्टी तीन साल के बाद बेचते हैं तो लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन माना जाएगा और इंडेक्सेशन के बाद इस पर 20 फीसदी के हिसाब से टैक्स लगेगा। इंडेक्सेशन में इस अवधि में महंगाई दर के असर को शामिल करते हैं और उस हिसाब से कीमत में समाहित होता है।

mint

बिजनेस आपतक

इंफोसिस की शेयर पुनर्खरीद 25 को खुलेगी

नई दिल्ली। इंफोसिस की 9,200 करोड़ रुपये तक की पुनर्खरीद योजना 25 जून से शुरू होगी, जिसमें आईटी कंपनी ने अधिकतम 1,750 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर अपने शेयरों को वापस खरीदने का प्रस्ताव रखा है। पुनर्खरीद की मंजूरी 14 अप्रैल 2021 को मिली थी और 19 जून 2021 को कंपनी की 40वीं वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों ने इसे मंजूरी दी। इंफोसिस ने बताया कि शेयर बाजार के जरिए खुले बाजार से अपने इक्विटी शेयरों की पुनर्खरीद के लिए 23 जून को एक सार्वजनिक घोषणा जारी की।

स्थिर रहे पेट्रोल और डीजल के दाम

नई दिल्ली। पेट्रोल-डीजल के दाम बुधवार को रिकॉर्ड उच्चतम स्तर पर स्थिर रहे। अग्रणी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 97.50 रुपये और डीजल की कीमत 88.23 रुपये प्रति लीटर पर अपरिवर्तित रही।

प्रत्यक्ष विदेशी निवेश अप्रैल में 60% बढ़ा

नई दिल्ली। एफडीआई दो माह की गिरावट के बाद अप्रैल में 60 प्रतिशत बढ़कर 4.44 अरब डॉलर पहुंच गया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार इक्विटी, कमाई और पूंजी के पुनः निवेश को मिलाकर कुल एफडीआई इस साल अप्रैल में 6.24 अरब डॉलर रहा।

सोना में 110 और चांदी में 324 रुपये की तेजी

नई दिल्ली। दिल्ली सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना 110 रुपये की तेजी के साथ 46,396 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। चांदी की कीमत भी 324 रुपये की तेजी के साथ 66,864 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की गई

नई दिल्ली। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के संघों की प्रमुख संस्था एआईसीए ने इस्पात, लौह अयस्क, एल्यूमीनियम, तांबा, प्लास्टिक और कागज जैसे कच्चे माल की बढ़ती कीमतों के मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हस्तक्षेप की मांग की है।

ग्राहकों के लिए 2,180 करोड़ रुपये का बोनस

नई दिल्ली। एचडीएफसी लाइफ ने बुधवार को अपनी भागीदारी बीमा योजना के पॉलिसीधारकों के लिए 2,180 करोड़ रुपये का बोनस घोषित किया। भागीदार योजना के तहत पॉलिसीधारक कंपनी के मुनाफे में हिस्सा पाने के हकदार होते हैं। यह उन्हें बोनस के रूप में दिया जाता है।

कैशफ्री का बाजार हिस्सा 50 प्रतिशत से ज्यादा

नई दिल्ली। डिजिटल पेमेंट्स एवं बैंकिंग टेक्नॉलॉजी कंपनी, कैशफ्री ने बताया कि यह देश में 50 प्रतिशत से ज्यादा बाजार अंश के साथ पेमेंट डिस्बर्सल में नेतृत्व कर रहा है। वित्त वर्ष 21 में इसके बल्क डिस्बर्सल प्रोडक्ट पेआउट 200 प्रतिशत से ज्यादा बढ़े।

मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट अडाणी को सौंपने की मंजूरी

नई दिल्ली। महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने बुधवार को नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बना रही मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लि. का स्वामित्व अडाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स को हस्तांतरित किए जाने को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि नए अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के लिए जमीन अधिग्रहण का काम पूरा हो गया है। जीवीके एयरपोर्ट्स डेवलपर्स के 50.5 प्रतिशत शेयर थे जिसे अडाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लि. ने खरीद लिया है।

मूडीज ने वृद्धि दर अनुमान घटाकर 9.6% किया

नई दिल्ली। मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने वर्ष 2021 के लिए भारत के वृद्धि अनुमान को घटाकर 9.6 प्रतिशत कर दिया है, जो पिछले अनुमान के मुताबिक 13.9 प्रतिशत था। मूडीज ने कहा तेजी से टीकाकरण के कारण जून तिमाही में आर्थिक प्रतिबंध सीमित होंगे। मूडीज ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि उच्च आवृत्ति वाले आर्थिक संकेतक बताते हैं कि कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर ने अप्रैल और मई में भारत की अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया।

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
(I.S.O. 9001:2015 एवं I.S.O. 14001:2015 प्रमाणित संस्था)
विकास पथ, गाजियाबाद

पत्रांक : 788/उद्यान/2021 दिनांक: 21.06.2021

आवश्यक सूचना

दिनांक 17.06.2021 में प्रकाशित ई–निविदा सूचना पत्र संख्या–778/उद्यान/2021 दिनांक 15.06.2021 के अन्तर्गत राजनगर एक्सटेंशन में सत्र 2020–21 में रोपित 15300 नग पौधों का एक वर्ष की अवधि के लिए उद्यानिक रख–रखाव कार्य हेतु दिनांक 01.07.2021 को आमंत्रित ई–निविदा को अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती है।

प्रभारी उद्यान

ई-मेल: helplinegda@gmail.com, : @gdagzb, :@gdagzb
हेल्पलाईन नं.: 0120-3342433, व्हाट्सएप: 9818988807, वेबसाईट: www.gdaghaziabad.com

एक सुन्दर शहर..... हमारा संकल्प

उत्तर रेलवे

शुद्धिपत्र 01

पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप के माध्यम से मुरादाबाद मंडल के बरेली कैंट के मालगोदाम के विकास के लिए निविदा आमंत्रित करने का नोटिस 05.06.2021 को निविदा नोटिस संख्या 1219/2021 के माध्यम से प्रकाशित किया गया था। **प्री-बिड के लिए पूर्व में निर्धारित तिथि, जो कि 23.06.2021 को ऑनलाईन रखी गई थी, को अब 29.06.2021 (मंगलवार) को पुनः ऑफलाईन निर्धारित किया गया है, जो 12.00 बजे मनन हॉल, डीआरएम ऑफिस, सिविल लाईन्स, मुरादाबाद में होगी।**

टेंडर दस्तावेज में टेंडर से संबंधित जानकारी हेतु ई–मेल आईडी एवं मोबाईल नंबर को भी जोड़ दिया गया है।

इसके अतिरिक्त **अनुबन्ध-21 में विगत 05 वित्तीय वर्ष के आंकड़े मांगे गए थे, जिसे अब संशोधित करके पिछले 03 वर्ष एवं चालू वित्तीय वर्ष की निविदा खोले जाने की तिथि तक कर दिया गया है।** 1384/2021

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

एचसीएल टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड
कारपोरेट पहचान संख्या: L74140DL1991PLC046369
पंजीकृत कार्यालय: 806, सिद्धार्थ, 96, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली - 110019
कारपोरेट कार्यालय: प्लॉट नं. 3ए, सेक्टर- 126, नोएडा - 201304, उ.प्र., भारत
वेबसाइट: www.hcltech.com; ई-मेल आईडी: investors@hcl.com, टेलीफोन: +91 11 26436336

सूचना

एचसीएल टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड(''**कम्पनी**'') के सदस्यों को कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 110 के प्रावधानों और अन्य लागू प्रावधानों, अगर कोई हो, (''**अधिनियम**''), कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 20 एवं 22 (''**नियम**'') और सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 44 (''**सूचीबद्धता विनियमों**''), साथ में पठित कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सामान्य परिपत्र सं. 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, सामान्य परिपत्र सं. 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, सामान्य परिपत्र सं. 22/2020 दिनांक 15 जून, 2020, सामान्य परिपत्र सं. 33/2020 दिनांक 28 सितम्बर, 2020 और सामान्य परिपत्र सं. 39/2020 दिनांक 31 दिसम्बर, 2020 (''**एमसीए परिपत्रों**''), और सभी अन्य लागू कानूनों और विनियमों (उनके कोई वैधानिक परिवर्तन(नों) या उस समय लागू उसका पुनःअधिनियम) के अनुपालन और अनुसरण में एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि डाक मतपत्र सूचना दिनांक 21 जून, 2021 (''**डाक मतपत्र सूचना**'') में निर्धारित किए गए अनुसार निम्नांकित विशेष व्यवसाय को केवल रिमोट ई-वोटिंग प्रक्रिया (''**रिमोट ई-वोटिंग**'') के माध्यम से सदस्यों द्वारा सम्पादित करने का प्रस्ताव है:

सदस्यों के विशेष संकल्प के माध्यम से कम्पनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में सुश्री निशि वासुदेवा (डीआईएन - 03016991) की पुनःनियुक्ति

एमसीए परिपत्रों के अनुसरण में, कम्पनी ने **शुक्रवार, 18 जून, 2021**(''**कट-ऑफ तिथि**'') को व्यवसाय समय बंद होने तक कम्पनी के उन सदस्यों को जिन सदस्यों के नाम सदस्यों के रजिस्टर या कम्पनी/डिपॉजिटरी द्वारा अनुरक्षित लाभार्थी स्वामियों की सूची क्रमशः में दर्ज हैं और जिनके ईमेल पते कम्पनी/डिपॉजिटरी के यहां पंजीकृत हैं उन्हें **बुधवार, 23 जून, 2021** को केवल इलेक्ट्रॉनिक विधि द्वारा डाक मतपत्र सूचना प्रेषित कर दिया है। डाक मतपत्र सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.hcltech.com पर, स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई लिमिटेड(**'बीएसई'**) एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड(**'एनएसई'**) की वेबसाइटों क्रमशः www.bseindia.com तथा www.nseindia.com पर, और नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड(**'एनएसडीएल'**) की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध है।

जिन सदस्यों के नाम कट-ऑफ तिथि को सदस्यों के रजिस्टर/ लाभार्थी स्वामियों की सूची में दर्ज हैं वे डाक मतपत्र सूचना में बताए गए अनुसार प्रस्ताव पर मत डालने हेतु योग्य हैं। सदस्यों का मताधिकार कट-ऑफ तिथि को उनके द्वारा धारित प्रदत्त इक्विटी शेयरों के समानुपात में गिना जाएगा। जो व्यक्ति कट-ऑफ तिथि को सदस्य नहीं हैं वे डाक मतपत्र सूचना को केवल जानकारी के रूप में लें।

एमसीए परिपत्रों के अनुसरण में, कम्पनी ने केवल रिमोट ई-वोटिंग द्वारा प्रस्तावों पर मत देने की सुविधा प्रदान की है। इस उद्देश्य के लिए, कम्पनी ने केवल इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपने मत डालने हेतु सदस्यों को सक्षम बनाने हेतु रिमोट ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने हेतु एनएसडीएल के साथ एक समझौता किया है।

रिमोट ई-वोटिंग के लिए विस्तृत प्रक्रिया और अनुदेश डाक मतपत्र सूचना में वर्णित किए गए हैं।

सदस्यों कृपया नोट कर लें कि रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से मत डालने की सुविधा निम्नांकित अवधि के दौरान उपलब्ध होगी:

रिमोट ई-वोटिंग की शुरुआत: शुक्रवार, 25 जून, 2021 को पूर्वा. 09.00 बजे(भा.मा.स.)
रिमोट ई-वोटिंग की समाप्ति: शनिवार, 24 जुलाई, 2021 को सायं 05.00 बजे (भा.मा.स.)

(उपरोक्त मतदान अवधि के समाप्त हो जाने पर एनएसडीएल द्वारा मतदान के लिए रिमोट ई-वोटिंग सुविधा निर्योग्य कर दी जाएगी।)

मैसर्स नित्यानंद सिंह एण्ड कम्पनी, अभ्यासरत कम्पनी सचिव को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से डाक मतपत्र के संचालन हेतु संवीक्षक के रूप में नियुक्ति किया गया है।

जिन सदस्यों ने अपने ई-मेल पते का पंजीकरण नहीं कराया है, वे इस सूचना को प्राप्त करने के लिए, लिंक: https://web.linkintime.co.in/EmailReg/Email_Register.html पर पहुंच कर अस्थायी रूप से पंजीकरण और वहां बताए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार पंजीकरण पूरा कर सकते हैं। ई-मेल पते के स्थायी पंजीकरण के लिए, सदस्यों से निवेदन है कि वे इसे डिपॉजिटरी के यहां इलेक्ट्रॉनिक रूप में धारित शेयरों के संबंध में डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के माध्यम से और भौतिक रूप से धारित शेयरों के संबंध में, कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट, मैसर्स लिंक इनटाइम इंडिया प्रा. लि., यूनिट- एचसीएल टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड, सी 101, 247 पार्क, एल.बी.एस. मार्ग, विखरोली(वेस्ट), मुम्बई -400083 को लिखित में या rnt.helpdesk@linkintime.co.in पर ई-मेल भेजकर पंजीकरण करवाएं।

डाक मतपत्र के परिणामों को मंगलवार, 27 जुलाई, 2021 को या उससे पहले घोषित किया जाएगा और उसी के साथ ही कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय तथा उसके मुख्य व्यावसायिक कार्यालय के सूचना पट्ट पर भी प्रदर्शित किया जाएगा। परिणामों को कम्पनी की वेबसाइट, एनएसडीएल की वेबसाइट पर भी प्रदर्शित किया जाएगा और एनएसई और बीएसई को भी सूचित किया जाएगा।

ई-वोटिंग प्रक्रिया से सम्बन्धित किसी भी पूछताछ हेतु, सदस्य www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग पर उपलब्ध शेयरधारकों हेतु फ्रीक्वेंटली आस्क्ड क्वेस्चन्स (''एफएक्यू'') और शेयरधारकों हेतु ई-वोटिंग यूजर मैन्युअल देखें अथवा टॉल फ्री नं. 1800-1020-990 या 1800-224-430 पर कॉल करें या evoting@nsdl.co पर एक अनुरोध भेजें या सुश्री पल्लवी म्हात्रे, प्रबंधक या सुश्री सोनी सिंह, सहायक प्रबंधक, नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड, ट्रेड वर्ल्ड 'ए' विंग, चतुर्थ तल, कमाला मिल्स कम्पाउण्ड, सेनापति बापत मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013 से निर्दिष्ट ई-मेल आईडी- evoting@nsdl.co या pallavid@nsdl.co.in या SoniS@nsdl.co.in पर सम्पर्क करें, जो रिमोट ई-वोटिंग से जुड़ी शिकायतों को सम्बोधित भी करेंगी।

कृते **एचसीएल टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड**

दिनांक: 23 जून, 2021
स्थान: नोएडा (उ.प्र.)

मनीष आनन्द
कम्पनी सचिव

मुंजाल शोवा लिमिटेड

MUNJAL SHOWA

सीआईएन: L34101HR1985PLC020934
पंजीकृत कार्यालय एवं वर्क्स: प्लॉट न. 9–11, मारूति इंडस्ट्रियल एरिया, सैक्टर–18, गुरूग्राम–122015 (हरियाणा)
फोन: +91-124-4783000 | फैक्स: +91-124-2341359
ई-मेल: pgupta@munjalshowa.net | वेबसाइट: http://www.munjalshowa.net

31 मार्च, 2021 को समाप्त चतुर्थ तिमाही एवं वर्ष हेतु अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विवरण का उद्धरण

(₹ लाखों में प्रति अंश डाटा के अतिरिक्त)

क्र. सं.	विवरण	समाप्त तीन माह 31 मार्च 2021 (अनअंकेक्षित)	वर्ष से तिथी तक 31 मार्च 2021 (अंकेक्षित)	समाप्त तीन माह 31 मार्च 2020 (अनअंकेक्षित)
1	प्रचालनों से कुल आय	31,646.99	1,08,537.06	25,001.75
2	कर एवं विशिष्ट मदों के पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ	720.63	3,144.26	1,417.22
3	कर पूर्व एवं विशिष्ट मद पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ	720.63	3,144.26	1,417.22
4	कर पश्चात् एवं विशिष्ट मद पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ	582.29	2,614.02	1,038.42
5	अवधि हेतु कुल व्यापक आय (कर पश्चात्)	582.29	2,684.12	1,146.78
6	समता अंश पूँजी	799.93	799.93	799.93
7	31 मार्च, 2021 को पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व	63,339.56